(b) The names of the main loading and unloading Railway Stations handling betel-leaf traffic, Railway wise, have been shown in the statement attached. [*See* Appendix CXXVI, Annexure No. 30]

(c) Commodity-wise earnings for all the commodities are not maintained and betal leaf commodity is one of such commodities for which no separate figures of earnings are available.

चुंगी कर का समाप्त किया जाना

1727. **श्री शंकर सिंह वाघेला :** क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि परिवहन विकास परिषद ने अप्रैल, 1982 में यह सुझाव दिया था कि चुंगीकर समाप्त कर दिया जाना चाहिए यदि हां, तो किन किन राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों ने अब तक यह समाप्त नहीं किया है; और

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस मामले पर राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों से बातचीत की है यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है।

परिवहन मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) और (ख) माल परिवहन के बेहतर अंतर-राज्य आवागमन को सरल बनाने के लिये परिवहन विकास परिषद ने मानदंडों के भाग के रूप में राज्यों को चुंगी हटाने की सिफारिश की है और अपनी बैठकों में इसकी स्थिति की समीक्षा करती है। लेकिन पंजाब हरियाणा जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल राज्यों और दिल्ली गोवा दमन और दीव अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह तथा पांडेचेरी संघ राज्य शासित क्षेत्रों ने आज भी चुंगी प्रणाली समाप्त नहीं की है। चुंगी हटाये जाने से स्थानीय निकायों को राजस्व की हानि होगी इसलिये एक सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकार स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता देने के लिये विक्रय कर पर या मोटर यान करों पर प्रभार की लेवी लगाने आदि जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर सकते हैं।

देश में निरक्षरता

1728. **श्री शंकर सिंह वाघेला :**
श्री कैलाश पति मिश्र :
श्री अश्विनी कुमार :
श्री रामकृष्ण मजुमदार :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 20 अक्तूबर 1985 के टाइम्स आफ इंडिया में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है, जिसमें यह कहा गया है कि "चेलेंज आफ एजुकेशन" नामक पत्र के अनुसार भारत में सन् 2000 तक निरक्षरों की संख्या लगभग पचास करोड़ होने जा रही है और विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार 20वीं शताब्दी के अन्त तक विश्व भर के 15 से 19 वर्ष के बीच की आयु वर्ग के कुल निरक्षरों में से 54 प्रतिशत निरक्षर अकेले भारत में होंगे ; और

(ख) इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश के समय विश्व के निरक्षरों की कुल संख्या की तुलना में भारत में अधिक निरक्षर व्यक्तियों के होने के संभावित परिणाम क्या हो सकते हैं ?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी हां।

(ख) देश के समस्त उत्पादक कार्य बल तथा पुनरूत्पादक आयु वर्ग में सतत निरक्षरता से राष्ट्र के सामाजिक आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस को ध्यान में रखते हुए सरकार ने न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम तथा नये बीस सूत्री कार्यक्रम में इन कार्यक्रमों को शामिल करते हुए गैर-औपचारिक शिक्षा और प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम सहित प्रारम्भिक शिक्षा के कार्यक्रम को उच्च प्राथमिकता दी है। निर्धारित किये गये लक्ष्य हैं : प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना तथा वर्ष 1990 तक 15—35 आयु वर्ग में

निरक्षरता का उन्मूलन करना । प्रारंभिक तथा गैर-औपचारिक कार्यक्रम प्रौढ़ निरक्षरता की बढ़ती हुई संख्या को रोकने में सार्थक रूप से सहायक हो सकते हैं। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में वर्ष 1990 तक 15--35 आयु-वर्ग में 11 करोड़ निरक्षरों के दाखिले की परिकल्पना की गयी है छठी योजना अवधि के दौरान लगभग 2.3 करोड़ को दाखिल किया गया तथा शेष को सातवीं योजना अवधि के दौरान दाखिल किया जायेगा । आशा है कि जनसंख्या की वृद्धि की दर को कम करने के लिये किये गये उपायों सहित निरक्षरता के उन्मूलन के लिये प्रयासों के संयुक्त प्रभाव के साथ बीसवीं शताब्दी के अन्त तक भारत में निरक्षरों की संख्या विश्व बैंक द्वारा किये गये प्रक्षपणों की अपेक्षा कम होगी ।

Aim of the integrated yoga therapy

1729. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether any time bound plan aimed at the integrated approach on yoga therapy has been evolved in treating chronic illness like asthma, hypertension, diabetes, ailments of the eye and most of other modern-day diseases and if so, the allocation made in this regard in the Seventh Five Year Plan;

(b) whether it envisages the setting up of any research centres in yoga therapy for the treatment of these diseases; and

(c) the assistance that Government propose to render to the private institutions already engaged in this field during the Seventh Five Year Plan?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF FAMILY WELFARE (SHRI KRISHNA KUMAR): (a) No, Sir.

(b) The Government has established Central Research Institute for Yoga, New Delhi, with a 50 bedded hospital for conducting research on various diseases like asthma, hypertension, gestro-intestinal disorders, arthrities, spondyliosis, etc.

(c) The Seventh Five Year Plan allocations are yet to be finalised.

Causes of the origin of the thalassaemia

1730. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether any research has been made into the causes of the rare blood diseases of genetic origin, thalassaemia and specialised medical care provided for it in the Central Government hospitals in the capital;

(b) if so, the outcome thereof and arrangements being made for the blood transfussions and processing the blood to get red cell packings;

(c) whether any vaccine for this disease has been discovered; and

(d) if the reply to part (c) above be in the negative, what preventive measures are being taken in this behalf?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF FAMILY WELFARE (SHRI KRISHNA KUMAR): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

Publication of Urdu encyclopaedia

1731. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Urdu encyclopaedia has not yet been published; and

(b) if so, what are the reasons therefor and by when it is likely to be published?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) and (b) Yes, Sir. The work of editing the manuscripts of the encyclopaedia is receiving attention. A Special Cell, which was required to process its production, could not be established because of the ban on the creation of posts. Efforts are being made for